दिन– सोमवार

दिनांक– 03/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी आज विधान मंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट करेंगे पेश।

02. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में निरंतरता और संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे।

03. प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में अब तक सत्ताईख लाख से अधिक लाभुकों के जोड़े गये नाम।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के मौसम में उतार–चढाव का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान –अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी होगी।

———————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का वार्षिक आम बजट आज विधान मंडल में पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी लगातार दूसरी बार बिहार का बजट पेश करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में कहा कि आने वाला बजट बिहार के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

———बाइट———

वहीं, कल राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श होगा। छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी।

———————————————————————

चुनावी साल में बजट में विशेष घोषनाये किये जाने के साथ ही बजट का आकार भी बढ़ाए जाने की संभावना है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

इस बजट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई 50000 करोड़ रूपये की घोषणाओं के लिए राशि का प्रावधान समेत बिजली सब्सिडी बढ़ाने संबंधी घोषनायें संभावित है। सरकार बजट का आकार भी बढ़ा सकती है। वित्त वर्ष 2024—25 में राज्य का बजट 2 लाख 78 हज़ार करोड़ रुपये था। इससे राज्य के विकास को गति मिलेगी। सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, कृषि, बिजली, रोजगार जैसे क्षेत्र है। बजट में इन क्षेत्रों में अधिक खर्च का प्रावधान किये जाने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं अमरनाथ प्रसाद।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में निरंतरता और संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल तथा न्यूनतम बर्बादी पर कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। ये कार्यशाला सहकारिता मंत्रालय और पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्रालय की नीतियों और पहलों पर केंद्रित होगी। इसका उद्देश्य पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना आर्थिक विकास सुनिश्चित करते हुए टिकाऊ डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र—ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही है। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग—अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित हैं, वहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकते हैं। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकते। आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यवस्था के कारण अलग—अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र आवंटित हो गए थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। सुर्पणा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

———————————————————————————

लखीसराय जिले के कजरा में देश की सबसे बड़ी बैट्री भंडारण सौर परियोजना की जल्द ही शुरूआत होगी। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि कजरा में दो परियाजनाओं को मिलाकर तीन सौ एक मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि इससे रात के समय में निर्बाध बिजली आपूर्ति होने के साथ ही ऊर्जा

संकट से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि इस परियोजना को राज्य मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिली चुकी है। वर्ष दो हजार छब्बीस तक इसके पूरा होने की संभावना है।

———————————————————————

ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि अगले महीने से प्रदेश के सभी किसानों को खेती के लिए कृषि फीडर से बिजली उपलब्ध होगी। श्री यादव ने कहा कि राज्य के कृषि फीडर से अबतक साढ़े पांच लाख से अधिक किसानों को कृषि कार्य के लिए बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दिये गये हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश में अब तक सत्ताईख लाख से अधिक लाभुकों के नाम जोड़े गये हैं। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में नवादा, पूर्णिया, समस्तीपुर, सारण, मधुबनी, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में सबसे अधिक लाभुकों के नाम शामिल किये गये हैं। इधर, ग्रामीण विकास विभाग ने इस योजना के लाभुकों से रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिये हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए छह वर्ष बाद सर्वे कराया जा रहा है। इसके तहत इकतीस मार्च तक लाभुकों के नाम जोड़े जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर ठंडी हवाओं के साथ बादलों की आवाजाही जारी है। पिछले दिनों मौसम में आए बदलाव के कारण पटना सहित अधिकांश स्थानों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज और वाल्मिकीनगर चौदह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश के सबसे ठंडे स्थान रहे। वहीं, राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान अठारह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया  कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है।

———बाइट————

———————————————————————

गया के सैन्य ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में पासिंग आउट परेड शरद सत्र – दो हजार चौबीस का पुरस्कार वितरण समारोह आज आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में अव्वल दर्जे के कैडेट को सम्मानित किया जाएगा। हमारे संवाददात ने बताया है कि सात मार्च से शुरू होने वाली तीन दिवसीय परेड में पहली बार अठारह महिला ऑफिसर्स कैडेट भाग लेंगी।

———रिपोर्ट———

07 मार्च को मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षण पूरा करने वाले ऑफिसर्स साहसिक गतिविधियों जैसे घुड़सवारी, हेलिकॉप्टर, बाईक, फायर और अन्य गतिविधियों का साहसिक प्रदर्शन करेंगे। वहीं, 08 मार्च को ऑफिसर्स कैडेटों द्वारा पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जाएगा। ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर गया के इतिहास में पहली बार पासिंग आउट परेड में 18 महिला ऑफिसर्स कैडेट्स भाग लेंगी। वहीं, 122 पुरुष कैडेट्स शामिल होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से मैं धर्मवीर भारती।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना परिसर से जीप चोरी के मामले में आरोपी दारोगा सुजीत कुमार और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने बताया कि थानाध्यक्ष समेत अन्य कर्मियों की भूमिका की जाचं होगी।

———————————————————————

कटिहार पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सरवासा गांव के पास से पच्चीस हजार के इनामी कुख्यात अपराधी बिजली यादव समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद किये हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज में पिछले दिनों दो किराना दुकान में हुई लूट की घटना में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अरवल जिले में मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा और अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग के सचिव दिवेश सेहरा ने सकरी चौकी और कोनिका महादलित टोला में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द विभिन्न योजनाओं का लाभ वंचित लोगों को देने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के अलग–अलग थान क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज मुंगेर सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

———————————————————————————

बेगूसराय में आयोजित हेमन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन खेल गये मुकाबले में समस्तीपुर ने सुपौल को छह विकेट से पराजित कर दिया।

पटना में बावनवीं गोल्फ ओपन चैंपियनशिप संपन्न हो गयी। बिहार रेजिमेंटल सेंटर, दानापुर के कर्नल एस. के. ठाकुर ने खिताब पर कब्जा जमाया है। वहीं, कैप्टन एन.एस. मतवाल ने प्रेसिडेंट कप जीता है। इस चैंपियनशिप में देशभर के एक सौ उनचास खिलाड़ियों ने भाग लिया।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के लखनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवा टोल स्थित राधाकृष्ण परनामी मंदिर से अज्ञात अपराधियों ने पुजारी को बंधक बनाकर नकद सहित चांदी के आठ मुकुट लूट लिये। अपराधियों ने मंदिर के पास स्थित घर में भी लूटपाट की। पुलिस अपराधियों की गिरफतारी के लिये छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – ग्रेटर पटना में शामिल होंगे चौदह प्रखंड। बिहटा–बिक्रम से लेकर खुसरपुर–मसौढ़ी तक होगा विस्तार। अखबार लिखता है– शहर के विकास के लिए ग्रेटर पटना प्राधिकरण बनेगा। **दैनिक जागरण** की विशेष खबर है – दुनिया के चालीस प्रतिशत छात्रों को अपनी भाषा में नहीं मिल रही शिक्षा– अमेरिका की आधिकारिक भाषा बनी अंग्रेजी। **दैनिक भास्कर** लिखता है – कॉर्निया ट्रांस्प्लांट में बिहार उत्तर–पूर्व भारत में अव्वल, अंगदान को राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करने की तैयारी। **आज अखबार** का शीर्षक है – नवादा को नीतीश सरकार ने दिया बड़ा तोहफा। **प्रभात खबर** और **राष्ट्रीय सहारा** ने आईसीसी क्रिकेट ट्रॉफी की खबर को

प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – न्यूजीलैंड भी नहीं रोक पाया टीम इंडिया का विजयी रथ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी आज विधान मंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट करेंगे पेश।

02. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में निरंतरता और संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे।

03. प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में अब तक सत्ताईख लाख से अधिक लाभुकों के जोड़े गये नाम।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के मौसम में उतार–चढाव का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान –अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी होगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।